प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर में 20 हजार स्वास्थ्य शिविरों का किया शुभारम्भ : प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में विशेष पूजा का हुआ आयोजन।
2. भगवान विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री ने बांटा 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपए का ऋण : कहा– प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल के विज़न को धरातल पर उतार रही है एक ज़िला एक उत्पाद योजना।
3. भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए ईवीएम बैलेट पेपर के डिज़ाइन में किया संशोधन : उम्मीदवारों के रंगीन फ़ोटो के साथ बड़े आकार में छापे जाएंगे नाम। और
4. राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों में बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई राहत : मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने

प्रधानमंत्री को प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। बाइट.....

*पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इस नए भारत में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताओं के नए प्रतिमान स्थापित किए है, क्या अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में, क्या विरासत के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य हर भारतवासी आज प्रधानमंत्री मोदी जी के इस यशस्वी नेतृत्व और मार्गदर्शन में गौरव की अनुभूति करता है।*

मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह शुभारम्भ कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। यह अब तक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जनपदों में 20 हज़ार से अधिक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आंागनबाड़ी कार्यकत्रियों के उनके उत्कृष्ट काम के लिए स्मार्ट फोन देने और मानदेय वृद्धि की घोषणा की।

सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश भर में आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के बाल्मीकि चौक पर साफ सफाई की। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री मोदी सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश की प्रगति के लिए समर्पित हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का महामंत्र लेकर के विकसित भारत के लिए दिन रात अपने को भी लगा रहे हैं। देशवासियों को भी उस ओर ले जा रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत के लिए काम कर रहे हैं। विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में तीसरी अर्थव्यवस्था के लिए भी काम कर रहे हैं और हर क्षेत्र में हिन्दुस्तान प्रगति कर रहा है। गरीब के घर में भी खुशी ला रहे हैं और देश की प्रगति के लिए भी काम कर रहे हैं।*

सेवा पर्व के तहत केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नोएडा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

आगरा में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एस पी सिंह बघेल ने ज़िला अस्पताल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। मऊ में प्रदेश सरकार के मंत्री दारा सिंह चौहान और हापुड़ में राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में उनके जन्मदिन पर उत्सव जसा माहौल ह। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को उनके संसदीय क्षेत्र की जनता ने खास अंदाज में मनाया। काशी की जनता ने अपने सांसद के लिए जहां पर मां गंगा को 75 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई वही पर मां अन्नपूर्णा के दरबार में 108 बटुकों ने विशेष हवन पूजन के बाद 75 किलो के लड्डू का भोग लगाकर उसे काटा, इसके अलावा सैंड आर्टिस्ट रूपेश ने सैंड आर्ट के जरिए प्रधानमंत्री को बधाई दी, विविधताओं के इसी क्रम में योगी सरकार में*

*मंत्री रविंद्र जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

———————————

**प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी का साधारण तरीके से जीवन की शुरुआत करके दुनिया की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक हस्तियों में से एक बनने तक का सफ़र असाधारण रहा है। इस विशेष प्रस्तुति में, हम आपके लिए चुनिंदा प्रतिष्ठित हस्तियों की राय लेकर आए हैं।**

*वरिष्ठ पत्रकार शेखर गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में एक अनोखे व्यक्तित्व का उदाहरण है और उनका गहरा प्रभाव इस वजह से है क्योंकि वह पूरी तरह से आत्मनिर्भर और अपने दम पर आगे बढ़े हैं।*

*इस पीढ़ी में मोदी जी सेल्फ मेड नेताओं में से एक है तो वह एक यूनिक फिनोफेना है भारतीय पॉलिटिक्स में।*

*प्रसिद्ध शैफ रणवीर बरार ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार भारत की छवि को वैश्विक मंच पर मजबूत करने के लिए संस्कृति और भोजन जैसी सॉफ्ट पावर को बढ़ावा देते रहे हैं।*

*सोफ्ट पॉवर और खाने को, और अपने कल्चर को हमारी संस्कृति को, जो की बहुत बारीकी से हमारे खाने के साथ जुड़ी हुई है। दुनिया तक पहुंचाने में और उसका लोहा मनवाने में जो कोन्ट्रीब्यूशन आपका है सर वो किसी का नहीं हैं। वी आर वैरी वैरी थैंक्कफल।*

*मशहूर गायिका आशा भोसले ने कहा कि प्रधानमंत्री की राजनीतिक सफलता उनके दयालु स्वभाव से भी जुड़ी हुई है।*

*सभ्यपुरुष मैने इसलिए कहा कि ये लोग गाली गलोंच करते हैं, वो हम सुनते हैं न। मैने कभी उनके मुह से किसी के लिए बुरा नहीं सुना, मुझे ऐसा लगा की बहुत सभ्य और अच्छे दिल के इंसान है।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ में आयोजित विश्वकर्मा एक्सपो–2025 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया। साथ ही मिशन रोज़गार विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 12 हजार हस्तशिल्पियों और कारीगरों को टूलकिट बांटे। इस दौरान 111 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ज़िला एक उत्पाद योजना प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल विज़न को जमीनी धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने प्रदेश के कारीगरों को सम्मान और प्रदेश को पहचान दी है।

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बर को नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम कर दी। आज, हम कुछ ऐसी वस्तुओं के बारे में बता रहे हैं जिन पर वस्तु और सेवा कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

*नई जीएसटी सुधारों में लोहे, स्टील और लकड़ी से बने रसोई के बर्तन और शौचालय से संबंधित सामान सहित विभिन्न घरेलू सामानों पर कर की दर 12ः से घटकर 5ः कर दी गई है। लोहे या स्टील से बने केरोसिन और लकड़ी जलाने वाले चूल्हों पर भी इसी तरह की कटौती की गई है। इसके अलावा साइकिलों के साथ–साथ डिलीवरी तिपहिया साइकिल और उनके सहायक उपकरणों पर भी कर की दर 12ः से घटाकर 5ः कर दी गई है। साइकिल की दुकान के मालिक रंगा ने बताया कि जीएसटी सुधारो से बिक्री में वृद्धि होगी। साइकिल पर जीएसटी की दर 12ः तो 5ः करना एक सराहनीय कदम है। क्योंकि जो उत्पाद पहले लगभग ₹10000 का पड़ता था वह पहले के मुकाबले सस्ता हो जाएगा। अब करीब ₹700 की बचत होगी और इससे बिक्री बढ़ेगी। नए जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगे। सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक स्पष्ट व पारदर्शी बनाने के लिए ईवीएम बैलेट पेपर के डिज़ाइन और मुद्रण संबंधी दिशा–निर्देशों में संशोधन किया है। संशोधन के तहत अब से, ईवीएम बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों के रंगीन फ़ोटो मुद्रित किए जाएंगे और फ़ोटो

क्षेत्र का तीन–चौथाई भाग उम्मीदवार के चेहरे से भरा होगा। साथ ही सभी उम्मीदवारों एवं नोटा के नाम एक ही प्रकार के फ़ॉन्ट और पर्याप्त बड़े आकार में छापे जाएंगे, जिससे उन्हें आसानी से पढ़ा जा सके।

———————

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चल रहे भारत ए और आस्ट्रेलिया एके बीच चार दिवसीय क्रिकेट मैच के दूसरे दिन भारत ए  ने चायकाल तक एक विकेट पर 116 रन बनाए। भारी बारिश के कारण आगे का मैच नहीं खेला जा सका। इससे पहले आज ऑस्ट्रेलिया ए ने 6 विकेट पर 532 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी।

———————

प्रदेश की राजधानी लखनऊ के साथ ही अमरोहा, जौनपुर, संभल समेत कई जनपदों में रात से ही रुक रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं पश्चिमी जनपदों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)